# 14 को होगी विशाल तिरंगा यात्रा मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** कर्मश्री संस्था की ओर से 14 अगस्त को आयोजित होने वाली विशाल तिरंगा यात्रा की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने मंगलवार को वल्लभ भवन पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की और उन्हें यात्रा में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

मुख्यमंत्री ने यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने की सहमति दी है। उनके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी यात्रा में शामिल होंगे।

विधायक शर्मा ने सुबह यात्रा के प्रारंभ स्थल का निरीक्षण कर भोपाल कलेक्टर और पुलिस आयुक्त के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आयोजकों के अनुसार इस वर्ष यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है, इसे देखते हुए सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# सात जिलों में 35 निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण

## दो एजेंसियों पर कार्रवाई के निर्देश

**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** लोक निर्माण विभाग ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश के सात जिलों में 35 कार्यों का औचक निरीक्षण कराया। मुख्य अभियंताओं के सात दलों ने सीहोर, बालाघाट, ग्वालियर, झाबुआ, अनूपपुर, रतलाम और पन्ना में सड़क, पुल और भवन निर्माण कार्यों की जांच की।

असंतोषजनक कार्य मिलने पर संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए। निरीक्षण में ग्वालियर के अटल गेट से बहोड़ापुर चौराहा फोरलेन का कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया। संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने और ठेकेदार मेसर्स ऋषिराज कंस्ट्रक्शन के खिलाफ ब्लैकलिस्टिंग की कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अनूपपुर की कोयलारी-पुरगा-मझली सड़क की स्थिति भी खराब मिली। संबंधित अधिकारियों को नोटिस और ठेकेदार मेसर्स पांडे कंस्ट्रक्शन कंपनी के खिलाफ ब्लैकलिस्टिंग की कार्रवाई करने को कहा गया।

झाबुआ के झाबुआ-जोबट-बाग-कुक्षी मार्ग के संधारण कार्य के लिए संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। अनूपपुर के नोनघाटी-दमेहड़ी-लीलाटोला मार्ग और पन्ना-अमानगंज-सिमरिया मार्ग के कार्यों में भी सुधार के निर्देश दिए गए। वहीं रतलाम में बंजली-सेजावता बायपास पर निर्माणाधीन आरओबी और छावनी झोड़िया के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का कार्य गुणवत्तापूर्ण पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की प्रशंसा की गई।

# तेज बारिश के बीच पिकनिक स्पॉट पर फंसे सात युवक, पुलिस ने सुरक्षित निकाला



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** पुराने भोपाल से सात युवक मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र के फाटापान-बाबाझिरी पिकनिक स्पॉट पर घूमने गए थे।

तेज बारिश के बाद पहाड़ी क्षेत्रों से पानी उतरकर पिकनिक स्थल के चारों ओर तेज बहाव के साथ जमा हो गया। इसके चलते सभी युवक एक टीले पर फंस गए।

युवकों ने मोबाइल फोन से अपने परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को जानकारी दी। शाम करीब सात बजे सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। तेज बहाव को देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों को टीले तक जाने से रोका गया। पुलिस ने एसडीआरएफ को सूचना दी और ग्रामीणों की मदद से संभावित रास्तों से बचाव अभियान चलाया। सभी सातों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

# स्वतंत्रता दिवस पर भोपाल में मुख्यमंत्री करेंगे ध्वजारोहण

## मंत्रियों को जिलों की जिम्मेदारी

**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजधानी भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में ध्वजारोहण करेंगे और प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगे। इस दौरान भोपाल सहित सभी जिला मुख्यालयों पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ग्वालियर में ध्वजारोहण करेंगे। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा मंदसौर और उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल रीवा में स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण करेंगे।

राज्य सरकार ने मंत्रियों और राज्य मंत्रियों को भी अलग-अलग जिलों में ध्वजारोहण की जिम्मेदारी सौंपी है। मंत्री डॉ. विजय शाह खंडवा, कैलाश विजयवर्गीय देवास, प्रहलाद सिंह पटेल नरसिंहपुर, राकेश सिंह जबलपुर, करन सिंह वर्मा सीहोर, राव उदय प्रताप सिंह छिंदवाड़ा, संपतिया उइके मंडला और तुलसीराम सिलावट इंदौर में ध्वजारोहण करेंगे। वहीं एदल सिंह कंषाना मुरैना, निर्मला भूरिया झाबुआ, गोविंद सिंह राजपूत सागर, विश्वास सारंग खरगोन, नारायण सिंह कुशवाह दतिया, नागर सिंह चौहान अलीराजपुर, प्रद्युम्न सिंह तोमर शिवपुरी, राकेश शुक्ला श्योपुर और इंदर सिंह परमार शाजापुर में समारोह में शामिल होंगे।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कृष्णा गौर टीकमगढ़, धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी दमोह, दिलीप जायसवाल अनूपपुर, गौतम टेटवाल उज्जैन, लखन पटेल विदिशा और नारायण सिंह पंवार राजगढ़ में ध्वजारोहण करेंगे। अन्य राज्य मंत्रियों को भी विभिन्न जिलों की जिम्मेदारी दी गई है। रतलाम, शहडोल, नर्मदापुरम, धार, बालाघाट सहित 24 जिलों में कलेक्टर ध्वजारोहण करेंगे।

# 12 को साल का सबसे बड़ा पूर्ण सूर्य ग्रहण, भारत में नहीं आएगा नजर

## आज रात भारत में होगी ग्रहण की पूरी अवधि, सूर्य क्षितिज के नीचे होने से नहीं दिखेगा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** 12 अगस्त को साल का सबसे बड़ा पूर्ण सूर्य ग्रहण होने जा रहा है। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि यह खगोलीय घटना यूरोप के लिए विशेष होगी, जहां 27 साल बाद दिन के समय पूर्ण सूर्य ग्रहण दिखाई देगा। इससे पहले यूरोप में ऐसा दृश्य 1999 में देखा गया था।

सारिका घारू के अनुसार भारतीय समयानुसार ग्रहण 12 अगस्त की रात 9:04 बजे शुरू होगा और 13 अगस्त की रात 1:27 बजे समाप्त होगा। पूर्ण ग्रहण रात 10:28 बजे शुरू होगा, जबकि इसका चरम समय रात 11:16 बजे रहेगा। पूर्ण ग्रहण की समाप्ति रात 12:05 बजे होगी। भारत में इस दौरान रात होने के कारण ग्रहण कहीं भी दिखाई नहीं देगा। पूर्ण सूर्य ग्रहण का मुख्य मार्ग उत्तरी रूस, ग्रीनलैंड, आइसलैंड, स्पेन और पुर्तगाल से होकर गुजरेगा। इन क्षेत्रों में दिन के समय अंधेरा छाने का अनुभव होगा। यूरोप, कनाडा और उत्तरी अमेरिका के कुछ हिस्सों में आंशिक सूर्य ग्रहण दिखाई देगा। दुनिया की लगभग 12 प्रतिशत आबादी इस ग्रहण को प्रत्यक्ष देख सकेगी। सारिका घारू ने लोगों से



ग्रहण को लेकर अंधविश्वासों से दूर रहने और इसे प्राकृतिक खगोलीय घटना के रूप में देखने की अपील की।

भारत में लोग इसे वैज्ञानिक संस्थाओं की ऑनलाइन सीधी प्रसारण सेवाओं के माध्यम से देख सकेंगे। 28 अगस्त को आंशिक चंद्रग्रहण होगा, जो भारत में दिखाई नहीं देगा। भारत में अगला सूर्य ग्रहण 2 अगस्त 2027 को दिखाई देगा।

# देवी अहिल्याबाई की 231वीं पुण्यतिथि पर 13 को भोपाल में समारोह

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** अखिल भारतीय गडरिया पाल महासभा के तत्वावधान में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 231वीं पुण्यतिथि पर 13 अगस्त को रवीन्द्र भवन सभागार में राज्यस्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। इसमें लोकमाता के जीवन-दर्शन पर व्याख्यान, मातृशक्ति एवं प्रतिभा सम्मान और संगठन का प्रदेश अधिवेशन होगा।

समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि तथा लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह विशेष रूप से शामिल होंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, पद्मश्री एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. विकास महात्मे और भोपाल दक्षिण-पश्चिम विधायक भगवानदास सबनानी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोती श्रीपाल करेंगे।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण ग्राम पंचायत मेंडोरी की सरपंच एवं पाल समाज की लेखिका जागृति कृष्णकांत पाल की पुस्तक 'जागो नारी जागो' का विमोचन रहेगा। पुस्तक नारी सशक्तीकरण पर केंद्रित है। समारोह में पाल समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। साथ ही नारी वंदन अभियान के तहत समाज की प्रतिभावान महिलाओं और मातृशक्ति का सम्मान किया जाएगा। आयोजकों ने पाल समाज सहित शहर के नागरिकों से समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# भोपाल चेंबर में अनुभवी चेहरों को मिली नई जिम्मेदारी

## 11 सदस्यों का मनोनयन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने संस्था की गतिविधियों को अधिक प्रभावी और व्यापक बनाने के लिए विभिन्न पदों पर 11 सदस्यों का मनोनयन एवं नियुक्ति की है। इनमें आठ प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सहयोजित सदस्य (को-ऑप्टेड मेंबर), एक को संरक्षक (पैट्रन) तथा दो को मुख्य सलाहकार (चीफ एडवाइजर) बनाया गया है।

चेंबर के प्रवक्ता अजय देवनानी एवं मंत्री संजीव जैन 'गेहू' ने बताया कि अध्यक्ष गोविंद गोयल ने 10 अगस्त को सहयोजित सदस्यों के नामों की घोषणा की। सहयोजित सदस्यों में अरविंद गोयनका, जितेंद्र धाकड़, कन्हैयालाल इसरानी (कन्नू भैया), मनोज सिंह 'मीक', प्रमोद जैन 'हिमांशु', संजीव गर्ग 'गांधी', वेंकटेश गोयल एवं विजय गौर शामिल हैं। इन सभी के अनुभव और व्यावसायिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका का लाभ चेंबर की गतिविधियों तथा व्यापारी हितों से जुड़े विषयों में लिया जाएगा।

इसके साथ ही दीपक लालचंदानी को संरक्षक तथा विनोद जैन (एमपीटी) एवं कृष्ण कुमार बांगड़ को मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया है। चेंबर पदाधिकारियों ने सभी मनोनीत एवं नियुक्त सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अनुभवी और योग्य व्यक्तियों के संगठन से जुड़ने से चेंबर की कार्यक्षमता और मजबूत होगी।

उपाध्यक्ष अरविंद सुपारी, उपाध्यक्ष आदित्य जैन मनयां, कोषाध्यक्ष प्रदीप सेवानी, मंत्री सुनील जैनाविन, सह-कोषाध्यक्ष गोपाल सोनी एवं अतिरिक्त कोषाध्यक्ष अजय गुप्ता 'मुन्ना' ने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त एवं मनोनीत सदस्य अपने अनुभव के माध्यम से चेंबर की गतिविधियों को नई गति देंगे और भोपाल के व्यापार एवं उद्योग जगत के हित में महत्वपूर्ण योगदान करेंगे।

# गड्ढों से भरी सड़क को लेकर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

## महापौर और विधायक पर निशाना

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** कोलार के वार्ड 82 स्थित सर्वधर्म कॉलोनी बी सेक्टर की मुख्य सड़क की खराब स्थिति को लेकर कोलार कांग्रेस ने नगर निगम और जनप्रतिनिधियों पर निशाना साधा है। कोलार कांग्रेस अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़ ने सड़क के फोटो और वीडियो जारी करते हुए इसे क्षेत्र में विकास कार्यों की स्थिति का उदाहरण बताया।

राठौड़ ने आरोप लगाया कि सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कई बार नगर निगम अधिकारियों को सड़क की स्थिति से अवगत कराने के बावजूद सुधार कार्य नहीं कराया गया। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सड़क की खराब हालत के कारण कई वाहन गड्ढों में फंस



रहे हैं और चालक गिरकर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने भोपाल की महापौर मालती राय, वार्ड 82 की पार्षद और नगर निगम अधिकारियों पर क्षेत्र की समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया। राठौड़ ने विधायक रामेश्वर शर्मा से भी सड़क का निरीक्षण कर जल्द सुधार कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि आम लोगों को रोजाना खराब सड़क से परेशानी उठानी पड़ रही है और जिम्मेदारों को इस समस्या का तत्काल समाधान करना चाहिए।

# भूमि अधिग्रहण पर किसानों को मिलेगा चार गुना मुआवजाः मुख्यमंत्री

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों और उनकी जमीन की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मंगलवार को भोपाल की करोंद कृषि उपज मंडी में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं के लिए कृषि भूमि का अधिग्रहण होने पर किसानों को चार गुना मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने किसानों से अपनी जमीन सुरक्षित रखने और उसे किसी को नहीं बेचने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के खेत सरकार के लिए देवस्थल के समान हैं और उनके पसीने की हर बूंद का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में बलराम कृषि महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। 26 दिनों में यह 14वां आयोजन है। जल्द ही भोपाल मुख्यालय में भी बड़ा कृषि महोत्सव आयोजित किया जाएगा।

# इनर व्हील क्लब भोपाल राइज़ की नई कार्यकारिणी ने संभाला दायित्व



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** इनर व्हील क्लब भोपाल राइज़ का वार्षिक स्थापना समारोह शहर के ब्लू सैफायर में गरिमापूर्ण माहौल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में भोपाल के विभिन्न इनर व्हील क्लबों की पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुईं। समारोह के दौरान क्लब की नई कार्यकारिणी ने अपने दायित्व ग्रहण किए और समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष शिबा परवेज, उपाध्यक्ष समीना अली सिद्दीकी, सचिव उज्मा सलमान, कोषाध्यक्ष मुमताज खान, संपादक शीबा अंसारी, आईएसओ डॉ. नुजहत सिद्दीकी और ई-प्रशासक रुबीना ताजवर शामिल हैं। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष रुखसाना मोहसिन सहित उनकी टीम और भोपाल के अन्य इनर व्हील क्लबों के पदाधिकारी मौजूद रहे। अध्यक्ष शिबा परवेज ने पिछले कार्यकाल की टीम के कार्यों और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगामी कार्यकाल में समाजसेवा से जुड़े कार्यों को और प्रभावी बनाने की प्रतिबद्धता जताई।

समारोह में समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय कुमुद सिंह मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने महिलाओं से जुड़े सामाजिक मुद्दों पर विचार व्यक्त करते हुए समाज में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और सशक्तीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने जरूरतमंद वर्ग तक सहायता और जागरूकता पहुंचाने में सामाजिक संगठनों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। क्लब की नई टीम ने आगामी वर्ष में सेवा, सहयोग और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया।

# एमपी एग्रो की 52वीं वार्षिक साधारण सभा में किसानों की सुविधाओं पर जोर

**नप्र, भोपालः** एमपी स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड की 52वीं वार्षिक साधारण सभा मंगलवार को पंचानन भवन स्थित सभागार में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निगम के प्रबंध संचालक अरविंद कुमार दुबे सहित संचालक मंडल के सदस्य और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

मंत्री कुशवाह ने निगम की गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने और किसानों, कृषि उद्यमियों तथा खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एमपी एग्रो को कृषि आधारित उद्योगों, आधुनिक तकनीक और प्रसंस्करण गतिविधियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। बैठक में वित्तीय वर्ष 2020-21 के लेखों को अंगीकृत करने सहित विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

# निहारिका ने कराते नेशनल टूर्नामेंट में हासिल किया स्वर्ण पदक

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** लक्ष्मीदेवी विक्योमल विद्यालय की छात्राओं ने खेल जगत में विद्यालय का नाम रोशन किया है। नई दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में 6 से 10 अगस्त तक आयोजित '20वें ऑल इंडिया इंडिपेंडेंस कराटे चैम्पियनशिप 2026' नेशनल टूर्नामेंट में 14 राज्यों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय की कोच भावना यादव के कुशल निर्देशन में कक्षा 10वीं की 15 वर्षीय छात्रा निहारिका नागर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक (त्नश्चद्मस्त्र स्न्द्मस्त्रड्डद्य) जीता। निहारिका ने आर्मी व पुलिस विभाग के प्रतिस्पर्धियों सहित 5 कठिन बाउट जीतकर यह उपलब्धि हासिल की। इससे पूर्व उन्होंने स्टेट कराटे चैम्पियनशिप में भी रजत पदक जीता था। इसी टूर्नामेंट में विद्यालय की छात्रा कनक मण्डलोई और खुशी मारन ने भी शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किए।

## नवीन कार्यकारिणी की बैठक में हुआ मनोनयन

# सिंधी पंचायत के ज्ञानचंदानी संरक्षक, तोलानी सलाहकार और दादलानी फैसला बोर्ड के संयोजक बने







**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** पूज्य सिंधी पंचायत के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की प्रथम बैठक पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष माधू चांदवानी की अध्यक्षता में हुई। चांदवानी ने चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए चुनाव अधिकारी बसंत चेलानी, धर्मेंद्र मोटवानी, एल.सी. साधवानी, परषोत्तम टिलवानी और उनकी टीम सहित सभी सदस्यों, नगर के गणमान्य नागरिकों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। समाजसेवी हीरो ज्ञानचंदानी को संरक्षक, नरेश तोलानी को मुख्य सलाहकार और पंचायत के पूर्व महासचिव नंद दादलानी को फैसला बोर्ड का संयोजक मनोनीत किया गया। दादलानी के नाम का प्रस्ताव महासचिव राजकुमार वाधवानी ने रखा, जिसे सभी ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया।

बैठक में आगामी आयोजनों की रूपरेखा भी तय की गई। निर्णय लिया गया कि 14 अगस्त को विधायक रामेश्वर शर्मा के नेतृत्व में निकलने वाली 'तिरंगा यात्रा' का चंचल चौराहे पर भव्य स्वागत किया जाएगा इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष माधू चांदवानी, महासचिव राजकुमार वाधवानी, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश रीझवानी, भरत आसवानी, गुलाब जेठानी, कोषाध्यक्ष राकेश शेवानी, सचिव हरीश मेहरचंदानी व जेठानंद मंगतानी,उपस्थित रहे।

# रेशम खेती के लिए हर जिले में किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल ने मंगलवार को मंत्रालय में रेशम संचालनालय की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभागीय बजट का शत-प्रतिशत उपयोग नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए उपलब्ध राशि का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जायसवाल ने सभी जिलों में किसानों को रेशम खेती के लिए प्रोत्साहित करने को कहा। जिन जिलों में अभी रेशम खेती नहीं हो रही है, वहां 50-50 किसानों को चिन्हित कर पायलट परियोजना के रूप में कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने रेशम संचालनालय में लंबित पदोन्नति प्रक्रिया भी जल्द पूरी करने को कहा। बैठक में विभाग की उपलब्धियों और आगामी दो वर्षों की कार्ययोजना पर भी चर्चा हुई।

# रंग दर्शनी दीर्घा में 60 कलाकृतियां प्रदर्शित

## विविध शैलियों और विषयों का संगम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भारत भवन की रंग दर्शनी दीर्घा में मंगलवार से पांच कलाकारों की समूह कला प्रदर्शनी शुरू हुई। रूपंकर कला प्रभाग की ओर से आयोजित प्रदर्शनी में नेहा शर्मा, नेहा सैय्यद, डॉ. स्वाति एम. जैन, शुभम वर्मा और राज पहाड़े की 60 कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। प्रदर्शनी 16 अगस्त तक चलेगी।

चार कलाकार चित्रकला और एक कलाकार सिरेमिक कला के माध्यम से अपनी सृजनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत कर रहे हैं। सभी कलाकार भोपाल के हैं, लेकिन उनकी कलाशैली और विषय अलग-अलग हैं। नेहा शर्मा की कलाकृतियों में आध्यात्मिक और धार्मिक प्रतीकों का प्रयोग दिखाई देता है। उन्होंने ईष्ट और नारायण के स्वरूप को विभिन्न प्रतीकों के माध्यम से अभिव्यक्त किया है। मां मातंगी पर आधारित कृति में भी प्रतीकात्मकता दिखाई देती है।



राज पहाड़े पिछले 16 वर्षों से पारंपरिक कला के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनकी रचनाओं में पेड़, पर्यावरण और प्रकृति-प्रेम प्रमुख विषय हैं। डॉ. स्वाति एम. जैन ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य कलाकारों को अपनी कला दर्शकों के सामने प्रस्तुत करने का अवसर देना है। प्रदर्शनी में पारंपरिक और जनजातीय कला के साथ महिलाओं से जुड़े विषयों को भी प्रमुखता दी गई है।